सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून 08 सितम्बर, 2023

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शुक्रवार को राजभवन में अपर निदेशक उद्यान, डॉ. आर. के. सिंह ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्यपाल ने अपर निदेशक से औद्यानिकरण से संबंधित विभिन्न जानकारियां प्राप्त की। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड के पहाड़ी जिलों में सेब उत्पादन की बेहतर संभावनाएं हैं। विशेषकर चमोली और पिथौरागढ़ में सेब उत्पादन के लिए प्रयास किए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि विभाग सेब उत्पादन के क्षेत्र में अधिक से अधिक काश्तकारों को जागरूक कर साथ ही सेब की नई वैरायटी व नई तकनीकों से सेब उत्पादन किया जाना जरूरी है।

............0............